हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026



# सिलेंडर संकट: नहीं आ रहा डीएसी कोड, शादी ब्याह और हॉस्टलों में चूल्हे में पक रहा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इजराइल-ईरान-अमेरिका में चल रहे तनाव के कारण भारत में कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर का गंभीर संकट पैदा हो गया है। इस किल्लत ने शादी-ब्याह के सीजन और हॉस्टलों की रसोई को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिससे लोग पारंपरिक तरीकों की ओर लौटने पर मजबूर हैं। इधर केंद्र सरकार द्वारा सिलेंडर की सप्लाई के लिए डीएसी कोड जारी किए जाने का फरमान जारी होने के कारण उपभोक्ता काफी हलाकान हो रहे हैं। गैस एजेंसियों में सिलेंडर के लिए जहां कतार लग रही है। वहीं आए दिन विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

केंद्र और राज्य सरकार भले ही गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। युद्ध के कारण पिछले एक माह से जिलेभर में एलपीजी सिलेंडर के संकट के हालात निर्मित हैं। हालात यह निर्मित हो गए हैं कि शादी-ब्याह, मृत्यु भोज और भंडारों से लेकर हॉस्टलों में गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण उन्हें चूल्हे में खाना पकाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि उद्योगों, स्कूलों और हॉस्टलों की हुई, जहां महीने में 50-60 से लेकर 150-200 कॉमर्शियल सिलेंडरों की खपत है। पिछले एक माह से हॉस्टलों में सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। यही हाल शादी ब्याह के आयोजनों का है, जहां सिलेंडर में बनने वाले व्यंजनों पर ब्रेक लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार द्वारा सप्लाई के लिए डीएसी कोड की व्यवस्था लागू की गई है। उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर में यह कोड नहीं आ रहा है। जिसके कारण सप्लाई बाधित हो रही है और आए दिन गैस एजेंसियों में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

## सही समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से अटक रहे कई काम

### तीन गुना दामों में बिक्री

एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच निजी गैस कंपनियों में आपदा में अवसर तलाशते हुए तीन गुने दामों पर सिलेंडर की बिक्री शुरू कर दी है। आयोजनों के लिए निजी गैस कंपनियों के सिलेंडर महंगे दामों पर लिए जा रहे हैं। शासन ने निजी सप्लायर्स को कालाबाजारी की खुली छूट दे रखी है।



### वीआईपी कल्चर पर अंकुश नहीं

वितरण प्रणाली में सबसे बड़ी बाधा वीआईपी वर्ग बना हुआ है। बताया जाता है कि जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसर अपने मोबाइल से डीएसी कोड साझा करना पसंद नहीं कर रहे हैं। वितरकों के डिलीवरी बांयज को रसूखदारों के कोपभाजन का शिकार भी होना पड़ रहा है। हालात यह भी है कि रसूखदार लोगों द्वारा गैस एजेंसियों को बिना डीएसी कोड के ही सिलेंडर देने के लिए दबाव भी बनाया जा रहा है।

### गरीबों को दो माह इंतजार बाद सिलेंडर

केंद्र सरकार द्वारा वितरण प्रणाली के लिए डीएसी कोड जारी किए जाने के चलते सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं का जहां 45 दिन के अंतराल में सिलेंडर की सप्लाई की जा रही है। वहीं बीपीएल कार्डधारियों को सिलेंडर के लिए दो माह का इंतजार करना पड़ रहा है। सामान्य उपभोक्ताओं की बुकिंग 26 दिन के अंतराल में पोर्टल के जरिये की जा रही है। बुकिंग के तीन सेकंड से लेकर 13 दिनों के भीतर उन्हें डीएसी कोड मिल रहा है। इसके बाद सप्लाई की जा रही है। इसमें करीब 45 दिन इंतजार करना पड़ रहा है। उज्जवला कनेक्शनधारी गरीबों को सिलेंडर लेने के लिए 45 दिन के अंतराल में बुकिंग करानी पड़ रही है। इसके बाद डीएसी कोड आ रहा है। बुकिंग से लेकर सप्लाई में दो माह लग रहे हैं। जिले में करीब सवा लाख बीपीएल कार्डधारियों को सिलेंडर के लिए अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बिजली चाहिए तो कराओ रिचार्ज, सीएसईबी ने शुरू की तैयारियां

# तीन जिलों के 14 हजार सरकारी कनेक्शन 1 अप्रैल से होंगे प्रीपेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में भी अब मोबाइल की तरह की रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। हालांकि अभी इस योजना से आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपेड हो जाएंगे। पहले चरण में अविभाजित राजनांदगांव जिले के सरकारी विभागों के 14 हजार कनेक्शनों को प्रीपेड किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है। ज्ञात हो सरकारी विभागों में लाखों रुपए का बिल बकाया है।

पहले चरण में ब्लॉक स्तर के सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन एक अप्रैल से प्रीपेड हो, बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। राज्य में 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपेड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे। राजनांदगांव जिले में भी सरकारी विभागों के स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।



### वसूली के लिए पत्र किया जारी

राजनांदगांव जिले के अन्तर्गत राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ संभाग में शासकीय विभागों के कुल 5165 कनेक्शन पर लंबित 42 करोड़ 29 लाख रूपए की बकाया राशि वसुली के लिए विभाग प्रमुखों को फरवरी महीने के अंत में पत्र जारी कर समयसीमा के भीतर भुगतान करने का आग्रह किया गया था। जिले के नगरीय निकाय में स्थापित विद्युत कनेक्षनों के लंबित राशि के भुगतान के लिए शासन स्तर पर 09 करोड़ 12 लाख 14 हजार रूपए की राषि का समायोजन किया गया, शेष अन्य विभागों के विद्युत कनेक्शन पर लंबित राशि के भुगतान के लिए राज्य शासन स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

### तीन-तीन माह का करना होगा रिचार्ज

पहले चरण में जिले के 14 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रिचार्ज कराना होगा, जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रिचार्ज कराना होगा। इस रिचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रिचार्ज कराना होगा।

### सिंगल और थ्री फेस मीटर

राजनांदगांव जिले में शासकीय बिजली कनेक्शन एलवी-1 श्रेणी से एलवी-6 तक के सिंगल फेस एवं थ्री फेस के विद्युत कनेक्शन लगभग 7591 मौजूद हैं। वहीं खैरागढ़ जिले में 2915 तथा मोहला में 3417 कुल सभी श्रेणी के शासकीय विद्युत कनेक्शन हैं। सीएसईबी ने अब यहां प्री-पेड सिस्टम लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है।

### करोड़ों रुपए का बिल बकाया


अविभाजित जिले में सरकारी विभागों पर बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही है। हालात यह है कि कई विभाग अदायगी के लिए हाथ खड़े कर रहे हैं। पिछले माह सीएसईबी ने विभागों को नोटिस भी जारी किया था, लेकिन फंड नहीं होने का हवाला देकर विभागों ने राशि की अदायगी नहीं की। जिले के नगरीय निकायों, पंचायतों में सर्वाधिक बिल बकाया है। बताया जाता है कि इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। प्रदेश सरकार के किस्तों में बकाया मिलने भी लगा है।

# शिक्षा का अधिकार: 553 सीटों के लिए 1600 से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला दिलवाने के लिए आवेदन प्रक्रिया का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। आरटीई के तहत रिक्त 553 सीटों में प्रवेश के लिए 1600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। आरटीई के माध्यम से अपने बच्चों को दाखिला दिलवाने के लिए पालकों में होड नजर आई, लेकिन इस वर्ष नर्सरी की कक्षा में आरटीई बंद किए जाने से प्री-प्राइमरी में हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित हो गए।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए 16 से 31 मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया की जानी थी, लेकिन आरटीई का पोर्टल 17 मार्च से प्रारंभ हुआ। आरटीई आवेदन के प्रथम चरण के तहत आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद नोडल अधिकारी द्वारा सत्यापन पश्चात 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी के माध्यम से स्कूलों में दाखिले के लिए सीटों का आवंटन होगा। वहीं सीट आवंटन के बाद 1 से 30 मई तक स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।




### आरटीई के नियमों में बदलाव से पालकों में निराशा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन करने के लिए इस वर्ष हुए नियमों में बदलाव के चलते कक्षा नर्सरी के बच्चों को दाखिला नहीं मिल पाया। जिसके चलते अभिभावकों को काफी निराशा हुई। वहीं ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय अभिभावकों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ा। कई बार ऑनलाइन आवेदन में स्कूल का नाम और रिक्त सीटें भी नहीं दिखाने से अभिभावक ऑनलाइन फॉर्म भराने भटकते रहे।

### आरटीई का दूसरा चरण

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दाखिले के लिए किसी कारणवश फॉर्म भरने से चूक गए। बच्चों के लिए इसके द्वितीय चरण के तहत आवेदन का अवसर मिलेगा। इसके लिए 1 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू होकर 11 जुलाई तक चलेगी। इसी अवधि में नोडल अधिकारी द्वारा आवेदनों का वेरिफिकेशन भी किया जाएगा। वहीं 27 से 31 जुलाई तक लॉटरी और सीट आबंटन की प्रक्रिया होगी। इसके बाद 3 से 17 अगस्त तक स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।

### 190 स्कूलों में 553 सीटों पर दाखिला

आरटीई के तहत जिले के 190 स्कूलों के लिए 553 रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु 1696 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 10 अभिभावकों द्वारा दो बार आवेदन किया गया है। वहीं 163 आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। 139 आवेदन अनकंप्लीट हैं और 406 आवेदनों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। वहीं 976 आवेदन लॉटरी प्रक्रिया के लिए स्वीकृत हो चुके हैं। आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के बाद कई अभिभावकों द्वारा संबंधित नोडल अधिकारी के पास फॉर्म नहीं जमा किया गया। जिसके चलते ऐसे फॉर्म सत्यापित नहीं हो पाए हैं। फार्म सत्यापित नहीं हो पाने की स्थिति में ऐसे फॉर्म लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### 31 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 31 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

### मृत युवक की शिनाख्ती नहीं



**राजनांदगांव।** थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोमनी के शराब भट्ठी के सोमनी से सांकरा जाने वाले रोड के किनारे एक युवक लगभग 35-40 वर्ष मृत अवस्था में मिला है। जिसका रंग सांवला व दुबला पतला है। मृतक सफेद चेक फूल शर्ट एवं भूरा रंग का हाफ चड्डा पहना हुआ है। मृतक की शिनाख्ती

### मॉय एंगल




# खरखरा में डूबे युवक का मिला शव

## तीन साथियों के साथ पिकनिक मनाने गया था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर का युवक अपने तीन दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए खरखरा डेम गया हुआ था, जहां डेम के केनाल में नहाते समय वह पानी में डूब गया था। घटना के बाद से गोताखोर उसकी पता तलाश में जुटे रहे। जिसका शव आज सुबह लगभग साढ़े 7 बजे करीब मिला है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शहर के प्रवीण कुमार ठाकुर 26 वर्ष अपने तीन साथियों के साथ पिकनिक मनाने खरखरा डेम गया हुआ था। दो बाइक में चार लोग सवार होकर खरखरा डेम परिसर में पिकनिक मनाकर डेम के केनाल में एक-एक कर नहा रहे हैं। इस दौरान प्रवीण कुमार ठाकुर केनाल की गहराई की वजह से पानी में डूब गया। बताया गया कि काफी देर तक वह जब पानी से बाहर नहीं आया, तब उसके साथियों ने उसकी तलाश शुरू की।

### सुबह फिर की गई तलाश

घटना की सूचना संजारी चौकी पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और गोताखोर की मदद से युवक को खोजने की कोशिश की गई। रविवार को हुए इस घटना में रात होने की वजह से गोताखोरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को अलसुबह से फिर पानी में डूबे युवक की पता तलाश गोताखोर द्वारा की गई। युवक का शव सुबह लगभग साढे 7 बजे घटनास्थल से दूर 200 मीटर पर केनाल में एक पेड़ के जड़ में फंसा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में जांच जारी है। इधर इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।



# भीषण गर्मी के बीच ढाबा वार्ड में जल संकट आक्रोशित वार्डवासियों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के मौसम में शहर के ग्रामीण ढाबा वार्ड के रहवासी जल संकट से जूझने लगे हैं। नल से पानी नहीं मिलने की समस्या को लेकर आज दोपहर बाद वार्डवासियों ने चक्काजाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहन चालकों की कतार लग गई थी। सूचना पर मौके पर पुलिस एवं नगर निगम के जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आश्वासन पश्चात चक्काजाम समाप्त किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के ग्रामीण वार्ड नया ढाबा के रहवासियों को भीषण गर्मी के इस मौसम में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिससे परेशान होकर वार्ड के लोगों ने सोमवार को दोपहर बाद सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया और नगर निगम के अधिकारी-जनप्रतिनिधियों से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

### पेयजल व्यवस्था की मांग

बताया गया कि चक्काजाम की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस एवं निगम अधिकारी भी पहुंचे, जिन्हें वार्डवासियों ने गर्मी के इस मौसम में हो रही पेयजल समस्या के संदर्भ में बताया एवं मांग किया क्षेत्र में पानी टंकी, सुचारू पेयजल व्यवस्था की मांग की गई।

### आश्वासन बाद माने

प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाईश देने का प्रयास किया गया। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने वार्डवासियों को पेयजल संबंधी आश्वासन दिया, तब कहीं वार्डवासी शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किए। इस मौके पर वार्ड के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। चक्काजाम समाप्त होने के बाद उक्त मार्ग से आवागमन सामान्य हो पाया।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर पांच दिवसीय आयोजन

# विश्व शांति और कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्व विशेष

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत शहर के जैन बगीचा में आज सकल जैन समाज द्वारा नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। इस दौरान नवकार महामंत्र का जाप करने लगभग डेढ़ हजार लोग शामिल हुए और विश्व शांति की कामना की।

अवसर पर सभी ने जीव दया की शपथ ली। सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन समिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह-संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद, सचिव गौतम बाफना, सह-सचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े जीवन बैद, ललित भंसाली, भावेश बैद एवं रोशन गोलछा ने बताया कि जैन बगीचे में सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक विश्व शांति की कामना को लेकर हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया।



### आज निकलेगी शोभायात्रा

शहर के जैन बगीचा में पांच दिवसीय आयोजन कर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है, जो 31 मार्च तक चलेगा। इस दौरान समाज द्वारा विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च को सुबह 6 बजे जैन बगीचे से समस्त संघों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर के सामने से बरगोडा निकाला जाएगा, जो जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भारतमाता चौक, गंज चौक, लोहारपारा, रामाधीन मार्ग, महावीर स्तंभ से कामठी लाइन, सिनेमा लाइन होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।

### रक्तदान शिविर और भक्ति संध्या

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी वात्सल्य का आयोजन सुबह 11.30 बजे से जैन बगीचे में किया जाएगा। इसी दिन यहां सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शरबत वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं कल्पवृक्ष जिनालय में शाम 6 बजे महावीर स्वामी जी की आरती होगी और शाम 7 बजे से जैन बगीचे में भक्ति संध्या का आयोजन होगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर विशेष







णमो अरिहंताणं,
णमो सिद्धाणं,
णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं,
णमो लोए सव्व साहुणं,
एसो पंच णमोक्कारो,
सव्व पावप्पणसणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं,
पढमं हवई मंगलं।।






























## खबर संक्षेप



### शेड निर्माण का भूमिपूजन

**टाटेकसा।** ग्राम पंचायत घोरतलाव की उच्च प्राथमिक शाला में शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान सरपंच उर्मिला नायडू, उपसरपंच सालिक राम,जनपद सदस्य पलनी स्वामी नायडू, देवानंद सहारे सहित अन्य उपस्थित थे।

### जस गायन स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन राजनांदगांव में रामनवमी एवं नवरात्रि अवसर पर जसगीत गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते भक्ति एवं सांस्कृतिक रंगों से ओत-प्रोत शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी जस गीतों का मधुर गायन प्रस्तुत किया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने कहा कि नवरात्रि एवं रामनवमी अवसर पर जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### नागरिकों की परेशानी का सबब बना सड़क चौड़ीकरण

# अनशन करने के बाद जागे अफसर सड़क से डिवाइडर हटाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क जहां पूर्ण होने का नाम नहीं ले रही है वहीं दिनों दिन लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रही है। शिकायतों के बाद भी न तो ठेकेदार की कार्यप्रणाली सुधर नहीं है और न लोक निर्माण विभाग उस पर कार्रवाई कर पा रहा है।

आए दिन की परेशानी को देखते हुए लोगों ने अब मोर्चा खोलते हुए आज अनशन शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर सीमा में 3 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण को पूर्ववर्ती सरकारके कार्यकाल में स्वीकृति मिली थी। इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग ने करीब 18 करोड़ मंजूर किए थे। निर्माण शुरू होने के साथ ही विवाद खड़े होने लगे थे। वहीं सुस्त चाल से निर्माण के चलते अब तक काम पूरा नहीं हो सका है।




### नागरिकों ने खोला मोर्चा

मार्ग को पूर्ववत खुला रखने की मांग करते हुए नागरिकों ने एसडीएम को दो बार ज्ञापन सौंपा लेकिन अपेक्षित पहल नहीं होने के बाद मोहल्ले के गजेन्द्र हरिहारणो, रोमनाथ श्रीवास, बेबी खान, नमिता गजभिए, पुखराज जैन, सिद्दीक बड़गुजर, हरिनारायण पांडे, मुन्नी शेंडे, जयकुमार गजभिए, पुषण देवांगन, पंखाराम, कृष्णालाल, महेन्द्र सारला, सालिक राम कोचे, खेलचंद गड़पायले, सोहेल खान, साहिल खान आदि 30 मार्च से आमरण अनशन पर बैठ गए थे। अनशन की जानकारी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग के एसडीओ तथा नायब तहसीलदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नागरिकों से बात कर निर्माणाधीन डिवाइडर को हटाने की कार्रवाई की। इस पहल के लिए मुहल्लेवासियों ने अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अनशन समाप्त किया।

### बेबस हुए जनप्रतिनिधि

सड़क के निर्माण को लेकर भाजपा-कांग्रेस के जनप्रतिनिधि सवाल उठा चुके है किन्तु कार्रवाई कार्रवाई नहीं होने के बाद अब सब मौन हो गए है। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर पूर्व में कांग्रेस जहां धरना दे चुकी है वहीं भाजपा के जनप्रतिनिधि कई बार कलेक्टर सहित अन्य से शिकायत कर चुका है। भाजपा के एक खेमा ने सुशासन शिविर के दौरान खूब बबाल किया पर हुआ कुछ नहीं।

### सुविधा के हिसाब से क्रासिंग

सड़क के बीच में डिवाइडर निर्माण कराया गया है परन्तु किस मापदंड में इसमे क्रासिंग छोड़ा गया है किसी की समझ में नहीं आ रहा है। पुरान बस स्टैंड से फव्वारा चौक तक हर दस कदम पर लोगों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर क्रासिंग छोड़ा गया है। वहीं चौकी की ओर स्थित हरिओम कालोनी की सड़क नंबर एक की ओर जाने के लिए क्रासिंग छोड़ा गया था जिसे अब बंद किया जा रहा है। आवाजाही में होने वाली परेशानी को देखते हुए मोहल्लेवासियों ने विरोध दर्ज कराया था जिसके बाद निर्माण स्थगित कर दिया गया था, लेकिन अब तक छड़ को नहीं हटाया गया था जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोग रॉंग साइड से चलने विवश है।

# सिलेंडर फटने से घर खाक, एक जख्मी



- कांग्रेस नेता ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

किल्लत से मचे हाहाकार के बीच ग्राम मुंदगांव के एक घर में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। आगजनी की घटना से घर में रखा पूरा सामान राख हो गया वहीं एक व्यक्ति चोटिल हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को मुआवजा दिलाने अधिकारियों को निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुंदगांव में गैस सिलेंडर फटने से हुई भीषण आगजनी की घटना हो गई।इस हादसे में ग्राम के नारायण वर्मा का पूरा घर जलकर खाक हो गया, जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

नारायण वर्मा आग में झुलसकर घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता और जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंच कर घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने निर्देशित किया। इस अवसर पर सरपंच भूमिका सिन्हा, द्वारका सिन्हा, त्रिभुवन सिन्हा, देवा सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती महोत्सव पांच को

**सोमनी।** ग्राम फरहद में आगामी 5 अप्रैल को तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 बजे कलशयात्रा निकाला जाएगा। दोपहर 12 बजे मां कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण होगा।

# पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- कलेक्टर ने बैठक में मांग व आपूर्ति की ली जानकारी

पश्चिम मध्य एशिया में युद्ध की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों एवं एलपीजी गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने पेट्रोल पंप संचालकों एवं एलपीजी गैस वितरकों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित दरों पर ही पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि किसी भी परिस्थिति में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न किया जाए। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश

कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी संचालकों पर सख्त कार्रवाई होगी। खाद्य विभाग ने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल में दूसरा गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी स्पष्ट जानकारी सभी गैस एजेंसियों में सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है।

# साइबर फ्राड से किया आगाह




हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

महिला एवं बाल विकास विभाग नाहंदा सेक्टर ने छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने तथा तकनीक के साथ काम करने के तरीके की जानकारी देने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर के देवांगन ने कहा कि तकनीकी विकास ने जीवन शैली बदल दिया है। जैसे हम आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं वैसे ही नए-नए खतरों से सामना होता है। हमें इन डिजिटल खतरों से बचने के लिए मजबूत बनना पड़ेगा। उन्होंने किसी अन्य को पिन नंबर तथा ओटीपी नहीं बताने की बात कही। व्याख्याता पवन सिन्हा ने कहा कि उपहार स्वरूप डाटा मुक्त देने वाले लिंक से बचना चाहिए। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत फोटो और वीडियो शेयर करने से बचना की सलाह दी। सुपरवाइजर उषा साहू ने विभिन्न वीडियो तथा ऑडियो के माध्यम से केबीसी फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, स्पूफिग फ्रॉड, फर्जी लिंक, अश्लील वीडियो कॉल, बल्क मैसेज, ओएलएक्स, क्यूआर कोड, जेंडर समानता, ऑनलाइन शॉपिंग के बारे में बताया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस मौके पर दुरपति देवांगन, मंजुला वासनिक, लीना निषाद, हेमलता देवांगन, डीलेश्वरी देवांगन, ओमीन साहू, गीता साहू, लीला सुधाकर, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव आदि मौजूद थे।

# बाइक की ठोकर से श्रमिक गंभीर

- गंभीर हालात को देखते डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय किया रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ईरीमकसा चौक के पास शनिवार की रात एक सड़क हादसा हो गया। कवर्धा की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ग्रामीण के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ईरीमकसा निवासी गौकरण यादव जो भोगलू होटल में मजदूरी करता है। गत 28 मार्च को वह काम खत्म कर गांव लौट रहा था।

रात करीब 8 बजे वह ईरीमकसा चौक पर बस से उतरकर घर की ओर जा रहा था, तभी कवर्धा की ओर से आ रही हीरो स्पलेंडर प्लस के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद गौकरण यादव सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर के पिछले हिस्से में गहरा घाव हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। वह मौके पर ही अचेत हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही भाई मनोज यादव, लुकेश धोबी और हिरेन्द्र यादव ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई पहुँचाया। ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

# जिला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शनिवार को विशेष मैदानी निरीक्षण किया। सभी अधिकारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा नागरिकों को मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी नियमित कार्य दिवसों के साथ-साथ फील्ड विजिट कर योजनाओं के लाभ को अंतिम छोर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में मैदानी निरीक्षणों की समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों से प्राप्त किस्तों, निर्माण की स्थिति तथा आवास पूर्ण होने में आ रही समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि बारिश पूर्व सभी निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण हों, ताकि हितग्राहियों को सुरक्षित पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके।

### लोगों ने मंदिर में किया पूजन अभिषेक, भजनों के साथ धर्मनगरी में निकली शोभायात्रा

# महावीर की भक्ति में झूमे महिला-पुरूष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्मनगरी में श्री दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में तीन दिन पहले से भक्तों द्वारा भगवान का भजन कीर्तन करते हुए प्रभातफेरी निकाला गया। सोमवार को सुबह भगवान का अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती के बाद गाजे – बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला गया। निखिल जैन के मधुर भजनों के साथ सामाजिकजन नृत्य करते हुए जैन मंदिर से निकले। बुधवारी, रेलवे चौक, जय स्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए सभी वापस जैन मंदिर पहुंचे। नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह भगवान की अगवानी के लिए भक्तों ने अपने घर के सामने रंगोली बनाया था। भगवान की आरती कर एवं श्रीफल चढ़ाकर उनका वंदन किया। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद पुनः अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती की गई। इस दौरान शोभा बैग हाउस, हैप्पी कलेक्शन एवं सिंघई बुक डिपो ने प्रतिष्ठान के सामने भंडारा, छाछ एवं शरबत वितरण किया गया। जागृति महिला मंडल ने वृद्धाश्रम एवं अस्पताल में फल वितरण किया। इस मांगलिक कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव सुरेशचंद जैन सहित अन्य शामिल हुए।

### खुले रहे चिकन सेंटर

महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबंध रहता है। शासन के आदेश पर मटन मार्केट एवं चिकन आदि विक्रेताओं की दुकाने बंद थी तो किन्तु दो दुकाने खुली थी। जहां नियमों की धज्जियाँ उड़ा कर खुली हुई थी, जिसे लेकर जैन समाज में क्षोभ व्याप्त है। यह जानकारी निशात जैन ने दी।

# शहर में गूंजे महावीर की भक्ति के स्वर

**डोंगरगांव।** दुनिया को जियो ओर जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक सोमवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दिगम्बर जैन समाज के सामाजिक जनों ने समाधिस्थ आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य श्री 108 समयसागर महामुनिराज की शिष्या आर्यिका माँ 105 सिद्धांतमती माता ससंघ के सानिध्य में जन्म कल्याणक के मौके पर विविध आयोजन किए।

जन्म कल्याणक के मौके सुबह जिनालय में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन किया गया। जैन मंदिर परिसर से भजनों मधुर प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर इंदिरा गार्डन, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, फव्वारा चौक से सदर लाइन होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान सामाजिकजनों ने अपने अपने घरों के सामने पूजा आरती किया। मंदिर पहुंचने के बाद अभिषेक, शांतिधारा, पूजन की गई।



### जनसेवा की पहल



महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर जैन समाज के लोगों ने जनसेवा की पहल करते हुए पुराने बस स्टैंड परिसर में फल वितरण किया। इस दौरान समाज के पदाधकारी, युवा आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### नाहटा बने जिला इंका के कोषाध्यक्ष



**डोंगरगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में क्षेत्र के आधा दर्जन नेताओं को जगह मिली है। जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा को कांग्रेस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा के बाद जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बलीराम साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और जनपद सदस्य रवि साहू को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नपं की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू और संजय मुटकुरे सचिव बनाए गए हैं।

# जैन समाज के लोगों ने बुझायी राहगीरों की प्यास

**गंडई पंडरिया।** जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्मः का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की गूंज गंडई में सुनाई देने लगी है। कल 31 मार्च को मनाए जाने वाले उत्सव से पूर्व सोमवार को जैन समाज गंडई ने सेवा और समर्पण की मिठास घोला। समाज के सदस्यों ने गर्मी को देखते हुए दुर्ग रोड पर स्टॉल लगाकर राहगीरों की सेवा की। सोमवार को जैन समाज के महिला-पुरुष और युवाओं की टोली सेवा कार्य में जुट गई थी। नगर के व्यस्ततम चौक पर पंडाल लगाकर आने-जाने वाले राहगीरों, वाहन चालकों और आम जनमानस को शीतल शरबत और खाद्य सामग्री का वितरण किया। चिलचिलाती धूप के बीच शरबत ने लोगों को खासी राहत पहुँचाई।



### समाज में उल्लास

समाज की महिलाएं केसरिया और पीले परिधानों में पारंपरिक उत्साह के साथ प्रसादी परोसा। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि भगवान महावीर का जीवन परोपकार और दया का मार्ग दिखाता है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### सीएम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ राजनांदगांव के पूर्व सांसद और महापौर मधुसूदन यादव जशपुर गए। हेलीकॉप्टर से जशपुर जाकर मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ ही राजनीतिक चर्चा की। इस दरम्यान राजनांदगांव के विकास के साथ प्रदेश के वर्तमान व्यस्था पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी साथ थे।

### आंबेडकर सेवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** भरकापारा वार्ड क्र. 27 स्थित आंबेडकर सेवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार रात सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण कुटरे और संघमित्रा महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा वाघमारे ने पद की शपथ ली। समिति का त्रिवर्षीय कार्यकाल मार्च 2026 में पूर्ण होने के बाद नए कार्यकाल के लिए 17 और 18 मार्च को नामांकन प्रक्रिया हुई थी। इसके बाद 19 मार्च को बौद्ध समाज द्वारा सर्वसम्मति से दोनों अध्यक्षों का चयन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि राजेश जैन रानू और राहुल मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सामूहिक बुद्ध वंदना से की गई। मंच संचालन चंद्रशेखर वासनिक ने किया। शपथ ग्रहण के बाद दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान अतिथियों ने उन्हें बधाई देते आंबेडकर भवन में चल रहे मरम्मत कार्य को जल्द पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। समारोह में बौद्ध समाज के रमेश कुमार रामटेके सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### युगांतर में हैप्पी माइंड एनरीचमेंट प्रोग्राम का समापन




**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए प्राचार्य मधुसूदन नायर और हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में हैप्पी माइंड एनरीचमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। जिसमें बच्चों ने मैथ्स, इंग्लिश सहित पब्लिक स्पीकिंग की स्पेशल क्लास में अपने व्यक्तित्व का प्रभावी निर्माण किया। यही नहीं स्वीमिंग सहित स्पोर्ट्स, म्यूजिक तथा डांस की विविध एक्टिविटीज में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का विकास किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक्वा विलेज का भी भ्रमण किया। बच्चों ने बताया कि हमने खुशी का अनुभव किया। इस आयोजन को सफल बनाने में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित म्यूजिक, डांस, आर्ट, प्राइमरी व मीडिल विभाग के शिक्षकों ने अमूल्य योगदान दिया।

### कलेक्टर की अभिनव पहल पर जिलेभर में अभियान

# जिले की ग्राम पंचायतों में छह माह में निपटे 1500 से भी अधिक राजस्व प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में राजस्व सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी व त्वरित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल करते ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत सांकरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरणों के संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं।

जिससे अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन जैसे राजस्व प्रकरणों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही 15 दिनों के भीतर निराकृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे लोगों को तहसील कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। इससे नागरिकों के समय एवं श्रम की बचत हो रही है। इसके साथ ही नागरिकों को सहूलियत भी मिल रही है।

#### किसानों ने कहा : अच्छी पहल

किसानों ने बताया कि यह बहुत अच्छी पहल है। ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण होने से बड़ी राहत मिलती है। किसान डुलेश कुमार बंजारे ने बताया कि उन्होंने फौती नामांतरण के लिए कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत में आवेदन किया था और शीघ्र उनका फौती नामांतरण हो गया। इस व्यवस्था से उनका समय, राशि और श्रम की बचत हुई है और बहुत ही पारदर्शी एवं आसानी से फौती नामांतरण हो गया है। इससे वे बहुत खुश हैं।



#### तहसील कार्यालयों के नहीं काटने पड़ रहे चक्कर

किसानों ने बताया कि पहले कई बार तहसील जाना पड़ता था, अब एक ही जगह सब काम हो जाता है। जिससे उनका समय, श्रम की बचत के साथ पूरी पारदर्शी तरीके से निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि फौती नामांतरण होने से समर्थन मूल्य में फसल विक्रय करने, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, केसीसी जैसी योजनाओं का लाभ अब आसानी से मिल पाएगा।

#### 15 दिन के भीतर निराकरण

कलेक्टर ने बताया कि इस अभिनव पहल से ग्राम पंचायतों में पिछले 6 माह में 1500 से ज्यादा राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसके लिए आवेदन प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर निराकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभिनव पहल से ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण अब ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बनकर उभर रही है।

#### गांवों में मुनादी के निर्देश

उन्होंने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में गांवों में मुनादी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने वहां उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई बार तहसील कार्यालय जाना पड़ता था, परंतु अब वही काम ग्राम पंचायत में ही निराकरण होने से काफी राहत मिली है।

## रेवाडीह में मूर्ति स्थापना 2 को

**राजनांदगांव।** रेवाडीह वार्ड क्र. 21 में बूढ़ादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भव्य मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन 2 अप्रैल को किया गया है।

आयोजन समिति नवदिव्य मां दुर्गा उत्सव समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से यह तीन दिवसीय आयोजन आयोजित है। जितेन्द्र कौशिक ने उक्त आयोजन के संबंध में बताया कि इस भव्य आयोजन में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें कल 31 मार्च को कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, जल अधिवास, अन्न अधिवास, 1 अप्रैल को फल अधिवास, पुष्प अधिवास, शैय्या अधिवास, 2 अप्रैल हनुमान जयंती को भगवान का महाअभिषेक पूजा, भगवान न्यास प्राण प्रतिष्ठा, हवन आरती प्रसादी, हनुमान चालीसा पाठ एवं शाम 5 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त हनुमान भक्त सादर आमंत्रित है।

इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी में सदस्यगण खोरबाहरा साहू, कुंभकरण यादव, राजू देवांगन, जितेन्द्र कौशिक, गामेंद्र नेताम, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश ध्रुव, सुरेन्द्र मंडावी, कुंदन साहू, मनोहर सिन्हा, जीतू साहू, उमेश राजपूत, सोनू राजपूत, भूपेन्द्र यादव लगे हुए हैं।

### फसल उत्पादन बढ़ाने सामग्री वितरण



**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने सीमांत किसानों को उच्च मूल्य फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मूंग, उड़द, खीरा, ककड़ी, तरबूज के बीजों के साथ बायो-बूस्टर का वितरण किया। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन समर्थ टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर भैया सिंहझरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सोमनाथ चावले एवं सीआरपी के सहयोग से किया जा रहा है।

## सदन में सांसद ने रेलवे का रखा विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडे ने लोकसभा सदन में रेल मंत्रालय के अनुदान मांग चर्चा के दौरान रेलवे का विषय रखते कहा कि भारतीय रेल राष्ट्र की जीवन रेखा है, जो देश के कोने-कोने तक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराती है।

इसका उद्देश्य प्रभावशाली, सस्ता ग्राहक केंद्रित पर्यावरण एवं अनुकूल एकीकृत परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही राज्यों, समुदायों, बंदरगाहों और औद्योगिक, वाणिज्य, पर्यटन केंद्रों और पूरे देश के तीर्थ स्थान को एक-दूसरे से जोड़ते हुए समग्र विकास का रेलवे वाहक बना है। सांसद संतोष ने डोंगरगढ़ से कटघोरा नई रेल लाइन निर्माण को शीघ्र आरंभ करने एवं डोंगरगढ़ में भगत की कोठी ट्रेन के स्टॉपेज एवं राजनांदगांव में पूरी-गांधीधाम, पूरी-अजमेर, हटिया एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग भी रखी, जिस पर केंदीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव में आश्वासन प्रदान किया है।

#### सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई



सांसद संतोष ने कहा कि चाहे कोविड-19 महामारी संक्रमण का काल हो। जिससे निपटने जब राष्ट्रव्यापी लॉक-डाउन था, तब रेलवे ने अपनी सेवा बढ़ा दी थी। दवाई, सिलेंडर से लेकर जीवनरक्षक व्यवस्थाओं के लिए दौड़ रही थी। डिब्बों को क्वॉरेंटाइन आइसोलेशन वार्ड में बदलकर सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई, ऐसी हमारी रेलवे है। इस प्रकार से कोरोनाकाल हो या कुंभ का पवित्र आयोजन हो, चाहे वैक्सीन हो या फिर वेपंस हो, सबको सुगमता से पहुंचाने का काम यदि कोई करती है तो रेलवे करती है। 2016-17 रेलवे 1 लाख 21 हजार 407 किलोमीटर का था, जो बढ़कर 2024-25 में 1 लाख 27 हजार 366 किलोमीटर हो चुका है। जिसमें नए ट्रैक बिछाए जाने से लेकर लाइन के दोहरीकरण, गेज परिवर्तन के काम अभी चल ही रहे हैं।

### कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विभाग में 19 मार्च को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डॉ. वेणुधर रौतिया सहायक प्राध्यापक विधि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर व अध्यक्षता डॉ. अमिता बक्सी सहायक प्राध्यापक व डॉ. आरके बंजारे सहायक प्राध्यापक संजय सप्तर्षि एवं अतिथि व्याख्याता दीपक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता व विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सहा.प्रा. का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉ. वेणुधर रौतिया ने लोकतंत्र के महत्व विषय पर प्रकाश डाला तथा संसद व उसके अंगों तथा बजट के ऊपर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान एमए के छात्र-छात्राओं द्वारा कुछ विषयों पर प्रश्न भी किए गए, जिन्हें मुख्य वक्ता द्वारा विस्तार से सरलतापूर्वक समझाया गया।

## राजस्व : शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- बड़े बकायेदारों का नल विच्छेदन व समाचार पत्रों में होगा नाम प्रकाशित

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते वसूली बढ़ाने एवं बड़े बकायेदारों से करों की वसूली कड़ाई से करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर वर्तमान डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से नए करदाताओं की संख्या, डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्तिकरदाता के संबंध में जानकारी लेकर मांग पंजी से मिलान कर वसूली के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। इसके बावजूद शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं है। कुछ वार्ड प्रभारियों द्वारा वसूली ठीक से नहीं की जा रही है, वे कर्मचारी नियमित रूप से डिमांड के विरूद्ध वसूली करें तथा बड़े बकायेदारों जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनसे कड़ाई से वसूली करना सुनिश्चित करेंगे, करो का भुगतान नहीं करने पर संबंधित का नल विच्छेदन करें तथा समाचार पत्रों में नाम प्रकाशित करें। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्रभारियों से वसूली में आ रही परेशानी के संबंध में जानकारी ली। प्रभारियों ने बताया कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में आशा के अनुरूप वसूली नहीं हो पा रही है। इसके अलावा जनगणना कार्य के कारण भी वसूली में परेशानी आ रही है। आयुक्त ने कहा कि करो का भुगतान नहीं करने पर वार्ड पार्षद से सहयोग लें तथा जनगणना के कार्य अपने ही वार्ड में करना है, इस आधार पर वसूली प्रभावित नहीं होगी, दोनों काम साथ-साथ करें।



महापौर मधुसूदन यादव द्वारा भी बैठक में योजनाबद्ध वसूली करने के निर्देश दिए हैं। उनके द्वारा बकायेदारों को बुलाकर समझाईस भी दिया गया है। इन सब आधार पर माह अंत तक लक्ष्य के अनुरूप वसूली करना सुनिश्चित करें, लापरवाही पर संबंधित के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

## 2.45 किमी बाकल सड़क का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आरडीसी रोड से बाकल लंबाई 2.45 किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

निर्माण के दौरान विभाग द्वारा गुणवत्ता मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते सतत निगरानी रखी गई। वर्तमान में पूरे मार्ग का डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा गुणवत्ता परीक्षण में कार्य संतोषजनक पाया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों की मजबूती और दीर्घकालिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिक उद्देश्य है।

अधीक्षण अभियंता दुर्ग संभाग बीएस पटेल द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया। जिसमें पूर्व में बिछाए गए ओवरहीट मटेरियल एवं उसके स्थान पर किए गए सुधार कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने सुधार कार्य को मानक अनुरूप पाते संतोष व्यक्त किया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि डामरीकरण के दौरान ठेकेदार लेखराम साहू के प्लांट में अचानक तकनीकी खराबी आने से डामर मिश्रण ओवरहीट हो गया, जो उपयोग के लिए अनुपयुक्त था।



निरीक्षण के उपरांत ऐसे मटेरियल को तत्काल हटाकर पुनः मानक अनुसार डामरीकरण कराया गया। इसके बाद पुनः प्लांट में आई खराबी के कारण बिछाए गए अनुपयुक्त मटेरियल को भी ग्रेडर के माध्यम से हटवाकर अगले ही दिन उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया गया। तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में प्रभावित हिस्सों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया गया। कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लेते संबंधित ठेकेदार को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी बालिकाओं के लिए 'वी फॉर शी' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के आडिटोरियम में एबीस ग्रुप और सृजन सामाजिक संस्था द्वारा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम वी फॉर शी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में रायपुर की डॉ. तबस्सुम डल्ला उपस्थित थी।

किशोरी बालिकाओं के पोषण जागरूकता, मासिक धर्म, स्वच्छता जागरूकता, प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता एवं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण पर आधारित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एबीस ग्रुप से डॉ. पालोमी बैनर्जी, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, सहायक परियोजना समन्वयक आदर्श वासनिक सहित सृजन सामाजिक संस्था से शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

अंत में मुख्य प्रशिक्षक द्वारा किशोरी बालिकाओं से किशोरावस्था से संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे गए और सही जवाब देने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। एबीस ग्रुप की ओर से डॉ. पालोमी बैनर्जी द्वारा मुख्य प्रशिक्षक सहित समस्त अतिथियों का सम्मान और आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पूर्णिमा साहू, विनोद टेम्बुलकर, साहिल देवांगन, ओमप्रकाश मारकंडे और अखिल ठाकुर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



#### स्वास्थ्य एवं एनीमिया की जांच

कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य जांच एवं एनीमिया की जांच की गई। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. तबस्सुम डल्ला द्वारा किशोरी बालिकाओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाली समस्या और समाधान पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भी किशोरी बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। किशोरावस्था में यदि स्वास्थ्य व पोषण पर ध्यान दिया जाए तो आगे चलकर किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने कहा कि किशोरी बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग हमेशा साथ खड़ा है।

## कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित हुई रेशमी

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता रेशमी साहू रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान कर्मवीर रत्न से सम्मानित हुई। यह आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल सिविल लाइन में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में किया गया। यह समारोह अकादमी के संस्थापक राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित मीना भारद्वाज एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारे उत्कृष्ट शिक्षकों, समाजसेवियों एवं कलाकारों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री छग शासन गुरु खुशवंत साहेब, अध्यक्षता मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड विकास निगम, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, चातुरी नंद विधायक सरायपाली आदि रहे।



#### सेवाभावी व्यक्तित्व की सराहना

कार्यक्रम में शा.उ.मा.विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता रेशमी साहू को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य, सामाजिक सेवा, साहित्य सृजन, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा तथा संगठन के प्रति समर्पित योगदान के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्माननीय चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में अतिथियों एवं गणमान्यजनों ने रेशमी साहू के शिक्षण कार्य, साहित्य लेखन, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, नारी सशक्तिकरण और सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से सराहना करते उन्हें समाज एवं संगठन के लिए निरंतर इसी प्रकार प्रेरणादायी योगदान देते रहने प्रोत्साहित किया।

## सप्ताहभर में 347 क्विंटल दलहन-तिलहन का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में रबी मौसम की दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

इसके लिए कृषि सहित संबंधित विभागों को किसानों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करते आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत 15 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, सुकुलदैहान के माध्यम से खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों का उपार्जन किया जा रहा है। जिसके लिए सोयाबीन 5 हजार 328 रुपए प्रति क्विंटल, अरहर 8 हजार रुपए प्रति क्विंटल, चना 5 हजार 875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 6 हजार 200 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।



उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह जिले में कुल 347 क्विंटल दलहन-तिलहन की खरीदी की गई है। इसमें एफपीओ सुकुलदैहान द्वारा 75 किसानों से 53 क्विंटल चना, 220 क्विंटल मसूर एवं 1 क्विंटल सरसों तथा सेवा सहकारी समिति तुमड़ीबोड़ द्वारा 73 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की गई है। एकीकृत किसान पोर्टल में पीएसएस के तहत चना के लिए 529 किसान, मसूर के लिए 264 किसान एवं राई व सरसों के लिए 82 किसानों सहित कुल 649 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। शेष किसानों से भी अपील की गई है कि वे शीघ्र पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान एकीकृत किसान पोर्टल एवं नाफेड के ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, ताकि खरीदी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि यह योजना दलहन-तिलहन क्षेत्र के विस्तार और किसानों की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर विशेष




## महावीर जयंती: अहिंसा और आत्म-ज्ञान का पर्व

*महावीर जयंती, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक है, जो चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। यह पर्व अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह (अनावश्यक संग्रह न करना), और 'जियो और जीने दो' के संदेशों के माध्यम से आत्म-संयम व शांति का मार्ग दिखाता है, जो आज के समय में अत्यधिक प्रासंगिक है।*

**ऐतिहासिक महत्व:** भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व (मान्यताओं के अनुसार) बिहार के कुंडलपुर में हुआ था, और उनके बचपन का नाम वर्धमान था। उन्होंने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाकर 12 वर्षों की कठोर तपस्या के बाद कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया।

**मूल शिक्षाएँ (पंचशील सिद्धांत):** महावीर स्वामी ने 5 मुख्य सिद्धांतों पर जोर दिया - अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (चोरी न करना), और ब्रह्मचर्य।

**जियो और जीने दो :** यह उनका सबसे प्रमुख संदेश है, जो सभी जीवों के प्रति दया, करुणा और सम्मान सिखाता है।

**आत्म-नियंत्रण:** महावीर जी ने सिखाया कि बाहरी शत्रु से लड़ने से ज्यादा जरूरी है अपने भीतर के क्रोध, लोभ और द्वेष जैसे शत्रुओं पर विजय पाना।

**उत्सव:** इस दिन जैन मंदिरों में भगवान महावीर की मूर्तियों का अभिषेक किया जाता है, शोभा यात्राएँ निकाली जाती हैं, और जरूरतमंदों की मदद की जाती है।

महावीर जयंती का संदेश आज की हिंसा और असहिष्णुता से भरी दुनिया में करुणा और शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। [1]

**महावीर स्वामी के अनमोल विचार:**

**अहिंसा परमो धर्म :** अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म है।

**आत्मा स्वतंत्र है:** कोई भी दूसरी पर निर्भर नहीं है।

**मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु:** उसका अपना गुस्सा और लालच है।




















## सार समाचार

### सोमनी में अवैध प्लॉटिंग, चयनात्मक कार्रवाई



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने ग्राम सोमनी में प्रशासन द्वारा की गई हालिया बुलडोजर कार्रवाई पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने इसे चयनात्मक न्याय और सत्ता के अहंकार का प्रतीक बताते कहा कि वर्तमान सरकार में कानून का राज नहीं, बल्कि चेहरा देखकर कार्रवाई करने का नया और खतरनाक चलन शुरू हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनांदगांव प्रशासन भाजपा के जिला कार्यालय की तरह काम कर रहा है।

### द्विवेदी नीरज विद्या मंदिर के नए प्राचार्य

**राजनांदगांव।** नीरज विद्या मंदिर में 30 मार्च को एक गरिमामय एवं औपचारिक कार्यक्रम के दौरान जिवेश द्विवेदी ने प्रधानाचार्य के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। यह अवसर विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं हर्ष का विषय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक नीरज बाजपेयी एवं पुष्पा बाजपेयी की उपस्थिति रही। साथ ही प्रशासक श्रीराम की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया। इस अवसर पर नीरज बाजपेयी ने कहा कि जिवेश द्विवेदी का शैक्षिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता से जुड़ा उनका व्यापक ज्ञान विद्यालय के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में नीरज विद्या मंदिर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। जिवेश द्विवेदी वर्ष 1998 से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अपने विस्तृत अनुभव के दौरान उन्होंने 3 वर्षों तक वाइडनर मेमोरियल स्कूल राजनांदगांव में सेवाएं दी। उन्होंने नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री में 17 वर्षों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा में मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य किया। श्री द्विवेदी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रमाणित रिसोर्स पर्सन हैं तथा उन्हें सीबीएसई से संबंधित कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उनके इस समृद्ध अनुभव से विद्यालय को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलने की आशा है। उनके मार्गदर्शन में अध्ययन कर चुके इस क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी आज भारत एवं विदेशों में विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं, जो उनके शिक्षण एवं नेतृत्व की उत्कृष्टता को दर्शाता है। कार्यभार ग्रहण करते प्रधानाचार्य जिवेश द्विवेदी ने विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने श्री द्विवेदी को शुभकामनाएं दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



### एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवानों की शहादत

# चार दशक के लाल आतंक से वनांचल को मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

31 मार्च नक्सलवाद समाप्ति डेडलाइन से ठीक एक दिन पहले तक नक्सलवाद के खिलाफ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को एक और बरामद डंप के रूप में बड़ी सफलता मिली है। 40 सालों के बाद लाल आतंक से इस आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र को अब मुक्ति मिल गई है। तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों की शहादत गांव के कोटवार, पटेल, जनप्रतिनिधि सहित बड़े-बुजुर्गों व युवाओं के क्रूर हत्याओं का बवंडर झेलते रहे इस वनांचल जिले को आज नक्सल मुक्त होने की औपचारिक घोषणा आईजी बालाजी राव तथा एसपी वायपी सिंह ने प्रेस ब्रीफिंग में की। इस घोषणा के साथ प्रकृति से घिरे इस क्षेत्र के खुशहाल सवेरा की उम्मीद की जा रही है।

आज दोपहर 1 बजे प्रेसवार्ता करते राजनांदगांव रेंज के आईजी बालाजी राव ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा राजनादगांव रेंज को नक्सल मुक्त होने कि औपचारिक घोषणा करते बताया कि नक्सलवाद के आखिरी डेडलाइन में एक और सफलता डंप के रूप में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की सुरक्षाबलों को मिला है। इधर माओवादियों के लाल क्रांति के नाम पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र बीते 40 सालों के भीतर बेहद बड़ी कीमत चुकाया है। नक्सलवाद के क्रूर चेहरे ने तत्कालीन राजनांदगांव एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों की जान लेने के साथ-साथ इस आदिवासी क्षेत्र के बेहद संख्या में कोटवार, पटेल, जनप्रतिनिधि, गांव के बड़े-बुजुर्ग, युवाओं का कत्लेआम करते रहा। केंद्र सरकार की दृढ़ संकल्प और सुरक्षाबलों के पराक्रम के बल पर इस जिले से नक्सलवाद का संपूर्ण सफाया सुनिश्चित हुआ।



#### नक्सलमुक्त जिला की घोषणा

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में वर्ष 1985 के आसपास थाना औंधी क्षेत्र में माओवादियों का प्रवेश हुआ और बस्तर क्षेत्र से सटे होने के कारण इस क्षेत्र में आधार बनाना शुरू किए। नक्सली महाराष्ट्र और छग सीमा के गांवों में जाकर ग्रामीणों से मिलना और नक्सली विचारधारा का प्रचार-प्रसार लगातार कर रहे थे। अत्याधुनिक हथियारों व बारुदी माइंस से लैस नक्सलियों ने 41 वर्षों में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया।

#### दर्जनभर पर टिकी नजर

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र गढ़चिरौली जिला से सटे कांकेर जिला के प्रतापपुर एरिया कमेटी के बच्चे 12 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की फोर्स की नजरें टिकी हुई है। इन नक्सलियों ने अभी तक आत्मसमर्पण नहीं किया है।

#### 18 नक्सली ढेर, 33 ने किया आत्मसमर्पण

माओवादी संगठन द्वारा इस क्षेत्र का नामकरण मानपुर डिवीजन किया गया और आंध्रप्रदेश से आए केन्द्रीय सदस्य माओवादी श्रीकांत उर्फ सुकान्त ने वर्ष 2003 में मानपुर डिवीजन का विस्तृत सर्वे कराकर हथियार बंद दस्ता की शुरूआत किया। 2009-2010 वर्ष के दौरान दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अंतर्गत मानपुर डिवीजन अंतर्गत 4 एरिया कमेटी सक्रिय थे। इन 4 चारों एरिया कमेटी के भीतर 7 लोकल ऑर्गेनाइजेशन स्क्वाड, 2 लोकल गुरिल्ला स्क्वाड एवं एक प्लाटून सक्रिय थे। वर्ष 2009 में शहीद विनोद चौबे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सहित 29 जवानों की शहादत के समय मानपुर क्षेत्र में केन्द्रीय सशस्त्र बलों की नियुक्ति की गई। जिला पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र बल के संयुक्त अभियानों से माओवादी बैकफुट पर आए। जिला में चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान में 18 नक्सली अभी तक ढेर किए गए। 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए।

## मेडिकल दुकान में चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



- बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर नगदी रकम, सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल एवं बाइक चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने छह घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ लिया। जिससे चोरी का सामान बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी डालेश कुमार निवासी चेंद्रीबन नवागांव थाना देवरी जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वर्तमान में सृष्टि कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड के पास स्थित धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में कार्य करता है तथा पास के स्टाफ रूम में रहता है। 29 मार्च को रात्रि लगभग 9 बजे मेडिकल स्टोर बंद कर अपने कमरे में सो गया था। रात्रि करीब 3 बजे उठकर देखा तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे में रखा ओप्पो कंपनी का मोबाइल कीमत 7,000 रुपए गायब था तथा एक आईफोन-17 को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। बाहर जाकर देखने पर पाया कि मेडिकल स्टोर में लगा 1 नग सीसीटीवी कैमरा कीमत 2,000 रुपए, गल्ले में रखी नगदी लगभग 10,000 रुपए तथा कमरे के बाहर खड़ी मोटर साइकिल पल्सर को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 331(4), 305, 324(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### चोरी का सामान बरामद

पुलिस के मुताबिक 29 मार्च को थाना बसंतपुर से कमला कॉलेज चौक में लगाए गए गश्त प्वाइंट एवं रात्रि पेट्रोलिंग में तैनात पुलिस जवानों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनके नाम-पता एवं आवागमन की जानकारी लेकर उनकी फोटो थाना बसंतपुर के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे जाते हैं। 30 मार्च को सृष्टि कॉलोनी स्थित मेडिकल दुकान में चोरी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पूर्व रात्रि में चिन्हित संदिग्ध अजय यादव उर्फ बोचकू 21 वर्ष अटल आवास क्वार्टर नं. 50 सृष्टि कॉलोनी एवं अन्य 2 विधि के विरुद्ध बालकों को थाना तलब कर सख्ती से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल, सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल बरामद किया गया तथा आरोपी एवं विधि के विरुद्ध बालकों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## अंकित बने कायस्थ समाज के युवा अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज जिला इकाई द्वारा युवा नेतृत्व को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते अंकित श्रीवास्तव को युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लकी श्रीवास्तव, सचिव शरद श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव सहित जिला बॉडी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी सौंपी।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अंकित श्रीवास्तव लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा उनकी ऊर्जा, समर्पण और कार्यशैली को देखते उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना गया है। उनके चयन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है। अंकित का पारिवारिक पृष्ठभूमि भी सामाजिक कार्यों से जुड़ा रहा है। उनके पिता स्व. भरत श्रीवास्तव समाज के संरक्षक मंडल में अहम भूमिका निभा चुके हैं। वहीं उनकी माता श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव दो बार महिला अध्यक्ष के पद पर रह चुकी हैं। इसके अलावा उनके मामा अशोक श्रीवास्तव समाज में सचिव एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। परिवार में सामाजिक सेवा की इस परंपरा का ही प्रभाव है कि अंकित श्रीवास्तव समाज के कार्यों में रूचि लेते रहे हैं। भूतपूर्व अध्यक्ष अवनींद्र लाल आबू से प्रभावित होकर उन्होंने उनके साथ कार्य कर समाज में उनके साथ भी अपनी अहम भूमिका निभाई है। अंकित ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन एवं युवाओं से सहयोग की अपील करते समाज को एकजुट कर नई दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## रामनवमी शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**राजनांदगांव।** रामनवमी पर्व पर नगर में भक्तिभाव और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सर्व गुजराती समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का हिंदू जागरण मंच ने मानव मंदिर चौक में जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झांकियां सजाई गई, जो श्रद्धालुओं का आकर्षण बनी रही। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोग भजन-कीर्तन करते नगर भ्रमण कर रहे थे। मानव मंदिर चौक पर मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। खासतौर पर महिला इकाई ने फूलों की वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों और धर्म का पालन करने की प्रेरणा देता है। रामनवमी समाज में एकता, संस्कृति और धार्मिक जागरूकता फैलाने का अवसर है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग, महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा। यह भव्य आयोजन नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया।



## नियमों को दरकिनार कर वाटर पार्क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायतीराज अधिनियम का उल्लंघन करते ग्राम ककरेल पटवारी हल्का नंबर 59 स्थित भूमि में अवैध रूप से वाटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों और अन्य द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर मामले की शिकायत की गई है।

ग्राम ककरेल भाटा में लगभग 7 एकड़ भूमि पर बिना अनुमति और नियमों को दरकिनार करते वाटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर को की गई शिकायत में कहा गया है कि वाटर पार्क निर्माण भूमि पर दुकान निर्माण के उद्देश्य से भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत धारा 59(2) के तहत भू-व्यपरिवर्तन किया गया है। यहां विकास, निर्माण की अनुज्ञा, अनुमति नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि भूमि स्वामी द्वारा स्थल का अनुभागीय अधिकारी के आदेशों एवं उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश के अभिमत का उल्लंघन करते इस स्थल पर वाटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

#### कार्रवाई की मांग

शिकायत में कहा गया है कि भूमि स्वामी द्वारा वाटर पार्क निर्माण के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराया गया है। ऐसी स्थिति में कभी भी किसी अप्रिय घटना का अंदेशा बना रहेगा। वहीं क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल से आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना वाटर पार्क का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं आदेशों का घोर उल्लंघन है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत ककरेल से किसी प्रकार की अनापत्ति प्राप्त नहीं की गई है। व्यवसायिक प्रयोजन हेतु दुकान निर्माण के लिए स्वीकृत ले-आउट के अनुसार ही निर्माण किया जा सकता है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा।

### डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शोध पीठ में प्रो राजन यादव बाह्य विशेषज्ञ

**खैरागढ़।** बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विवि में प्रदेश के अखिल भारतीय ख्यात साहित्यकार डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र के नाम पर स्थापित शोध पीठ मे इंदिरा कला संगीत विवि के प्रो राजन यादव को तीन सालों के लिए बाह्य विशेषज्ञ के रूप मे मनोनीत किया गया। संगीत विवि के हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो राजन यादव लोक और शास्त्र में रामकथापरक बीस से अधिक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित हो चुके हैं और राजनांदगांव में हर साल आयोजित होने वाले जयंती समारोह मे मिर जी के साहित्य पर विशेष व्याख्यान देते आ रहे है। गौरतलब है कि संगीत विवि मे 70-71 मे एक साल उपकुलपति के रूप मे सेवा और अस्सी से अधिक ग्रन्थों के रचयिता मिश्र जी के रामकथापरक तीन महाकाव्य कोशल किशोर, साकेत संत व रामराज्य विशेष उल्लेखनीय हैं। 1940 से 1960 के मध्य रामकथपरक महाकाव्य लिखने वाले साहित्यकारों में उनका प्रथम स्थान है।

## युगांतर में ग्रेजुएशन-डे उद्भव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए प्राचार्य मधुसूदन नायर और हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में ग्रेजुएशन-डे उद्भव का शानदार आयोजन विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्राचार्य मधुसूदन नायर ने विद्यार्थियों की प्रगति पर प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्री प्राइमरी के अध्ययन को सफलतापूर्वक पूरा कर उनके प्राइमरी में प्रवेश की सराहना करते कहा कि विद्यार्थीगण संस्कारयुक्त शिक्षा अर्जित करते निरंतर आगे बढ़ते रहे, यही हमारी शुभकामनाएं हैं। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा कई रोचक ग्रुप एक्टिविटी भी की गई। उन्होंने नृत्य और गीत की ऐसी छंटा बिखेरी कि सारा परिसर बाल सुलभ अट्टहास से परिपूर्ण हो गया।

बच्चों ने युगांतर बैंड के माध्यम सारे वातावरण को संगीतमय बना दिया। बच्चों ने यह बताया कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कविताएं सुनाकर काफी तालियां बटोरी। यही नहीं उन्होंने समारोह की एंकरिंग भी की। विद्यालय के पदाधिकारियों ने बच्चों को डिग्री और सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजन को सफल बनाने में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित म्यूजिक, डांस, आर्ट, प्री प्राइमरी विभाग के शिक्षकों ने अमूल्य योगदान दिया।



## बृजकिशोर सुरजन उदयाचल के अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेत्र चिकित्सा तथा अन्य चिकित्सा सेवा के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रदेश की अग्रणी धर्मार्थ सेवा संस्था उदयाचल के आगामी सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिसमें आगामी अध्यक्ष के लिए गायत्री विद्यापीठ के अध्यक्ष के साथ कई समाजसेवी-स्वयंसेवी संस्थाओं से संबद्ध बृजकिशोर सुरजन को महती जिम्मेदारी प्रदान की गई है। जबकि सचिव पद के लिए अतुल रायचा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए अशोक मोदी को पुनः मनोनीत किया गया है।

गत रविवार को संपन्न सामान्य सभा में संरक्षक मंडल सदस्य चतुर्भुज ठक्कर, उत्तमचंद जैन तथा पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना द्वारा सर्वसम्मति से उदयाचल के साथ-साथ नेत्र चिकित्सालय, महिला मंडल, युवा मंडल तथा बहु मंडल कार्यकारिणी की घोषणा डॉ. पुखराज बाफना द्वारा की गई। सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से नई टीम को शुभकामनाएं दी गई।उदयाचल की



कार्यकारिणी में निवृतमान अध्यक्ष राजेंद्र बाफना, अध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष विनोद रायचा, सचिव अतुल रायचा, सह-सचिव हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, सह-कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीश्रीमाल, नेत्र चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पुखराज बाफना, भवन प्रभारी प्रभात कोटड़यि, व्यवस्था प्रभारी विनोद डड्ढा, युवा संगठन प्रभारी गौतम बाफना, सूचना प्रकाशन प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा, विधि सलाहकार धर्मेंद्र जैन, सांस्कृतिक प्रभारी शरद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य इंदरचंद कोठारी, हरीश जैन, विनेश चोपड़ा, पवन लोहिया, बालचंद पारख, भरत तथा राजकुमार अग्रवाल।

सहयोगी संस्थाओं की नई टीम में नेत्र चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पुखराज बाफना, प्रमुख सलाहकार उत्तमचंद जैन, डीएनबी कोर्स तथा फंड रेजिंग डॉ. नवीन बाफना, एनएबीएच प्रभारी राजेंद्र बाफना, साइट सेवर प्रभारी विनेश चोपड़ा, दंत स्किन चिकित्सा प्रभारी ओमप्रकाश डागा, फिजियोथैरेपी प्रभारी नंदकिशोर खंडेलवाल, होमियोपैथी प्रभारी गुरमुखदास वाधवा, मेडिकल शॉप प्रभारी प्रकाश श्रीश्रीमाल, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी बालचंद पारख, नेत्र शिविर मोबाइल वैन प्रभारी सुदामा मोटलानी, भोजन व्यवस्था प्रभारी प्रकाश रंगारी, सौर ऊर्जा प्रभारी संतोष सावा, वाहन रखरखाव प्रभारी त्रिलोचन सिंह बग्गा। उदयाचल महिला संगठन कार्यकारिणी निवृत्तमान अध्यक्ष भारती बाफना, अध्यक्ष साधना खंडेलवाल, सचिव शशि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कंचन डाकलिया, उदयाचल युवा संगठन अध्यक्ष अक्षय रायचा, उपाध्यक्ष अर्पण कोठारी, सचिव सम्यक बाफना, कोषाध्यक्ष प्रयास श्रीश्रीमाल, सांस्कृतिक प्रभारी लक्ष्य बाफना, बहु मंडल अध्यक्ष किरण कांकरिया, सचिव विनीता हरिहारनो, कोषाध्यक्ष प्रणीति कोठारी शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी संवाद प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा द्वारा प्रदान की गई।

### लोकसभा सदन में चर्चा के दौरान सांसद संतोष पांडेय ने रखी अपनी बात

# नक्सलवाद अब इतिहास बनकर रह जाएगा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि माओवाद देश के लिए मवाद था, सशस्त्र आंदोलन के नाम पर लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के बड़े हिस्से को नक्सलवाद ने जकड़ रखा गया था, जो अब एक इतिहास बनकर रहे जाएगा।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा सदन में चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की पूर्ण समाप्ति को लेकर कहा कि सदन में देश की आंतरिक सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण विषय वामपंथी उग्रवाद पर सरकार के पक्ष में बोलते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि किस प्रकार से भ्रमजाल पैदा किया गया और सशस्त्र आंदोलन के नाम पर लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के बड़े हिस्से को नक्सलवाद ने जकड़ रखा गया था। अब नक्सलवाद इतिहास बनकर रह जाएगा। आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। दशकों तक लाल आतंक का साया हमारे आदिवासी क्षेत्रों पर मंडराता रहा है और आज जब 31 मार्च 2026 तक भारत को हथियारबंद नक्सलवाद से मुक्त करेंगे तो यह केवल एक सरकारी लक्ष्य नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की साझा प्रतिज्ञा है और यह प्रतिज्ञा जब नेतृत्व लेता है तो पूरा देश उन पर विश्वास करते हुए उनके पीछे खड़ा होता है। यह दृढ़ इच्छा शक्ति के संकल्प का प्रभाव है।

#### प्रधानमंत्री का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा

सांसद श्री पांडेय ने कहा कि भारत के इतिहास में जब आंतरिक सुरक्षा के ऊपर चर्चा की जाएगी, शोध किया जाएगा तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, जिस तरह देश के एकीकरण के लिए जब रियासतों का विलयीकरण हुआ था, तब देश के पूर्व गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के फौलादी नेतृत्व और इतिहास को हम सब स्मरण करते हैं और आज जब छत्तीसगढ़ के बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, भानुप्रतापपुर, मानपुर, मोहला, मदनवाड़ा, बकरकट्टा, रेंगाखार, गरियाबंद, संपूर्ण छत्तीसगढ़ की ओर से मैं अपने नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने खड़ा हुआ हूं।



#### माओवाद नहीं मवाद था

आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टाईम लाइन के तहत एक लक्ष्य लेकर, एक टारगेट निर्धारित के नक्सलवाद का समूल नाश किया है। उन्होंने कहा कि 40 साल तक माओवाद नहीं यह मवाद था। जिसने पूरे छत्तीसगढ़ को रेड कॉरिडोर बना रखा था। ऐसे मवाद को केन्द्र सरकार ने ऑपरेशन करके निकालने का काम किया है। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि जितनी हत्याएं देश की सीमाओं में नहीं हुई उतनी हत्या छत्तीसगढ़ में हुई है। इस दर्द को मिटाने का काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने किया है। इस संवेदना को समझकर केन्द्र सरकार आगे बढ़ रही है। नक्सलियों के समूल नाश में लगे सीआरपीएफ के कोबरा फोर्स, आरटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी, डीआईजी, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, एसटीएफ, छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स, बस्तर फाइटर, झारखंड जैगुवार ऐसे लगभग 18 से 19 फोर्सेस ने अपना सर्वस्व अर्पण किया। सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संयुक्त प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करेंः-7354-411411

### पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास कार्यों की मिली बड़ी स्वीकृति

# विधायक के प्रयासों से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों को मिली 4.02 करोड़ रूपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर स्वीकृति मिल रही है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सुविधा व उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रूपए की स्वीकृति दी है, वहीं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 12 विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख 65 हजार और मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में 6 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 1करोड़ 24 लाख 19 की स्वीकृति मिली है। इस प्रकार कुल 4 करोड़ 2 लाख 88 हजार की स्वीकृति मिली है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को मजबूती मिलेगी साथ ही जनता को सुगम आवागमन व मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कह कि अंत्योदय के लक्ष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु कटिबद्ध डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा, निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 1करोड़ 24 लाख 19 हजार रुपए की सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 1 करोड़ 30 लाख 65 हजार की स्वीकृति से विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड, नाली व पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करने के लिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का भी आभार व्यक्त किया। इन विकास कार्यो से गांवों में बेहतर सुविधा, बारिश के समय जलभराव से राहत, किसानों, विद्यार्थियों और आमजनों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। हर गांव तक सुविधाओं का विस्तार करना और जनाकांक्षाओं को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य है इसके लिए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रुपए की स्वीकृति से गांव-गांव तक विकास सुनिश्चित होगा। जनता को योजनाओं का लाभ मिले, नगर व गांव का सर्वांगीण विकास हो, अधोसंरचना निर्माण से क्षेत्र की प्रगति निरंतर जारी रहे और पंडरिया विधानसभा समृद्ध हो इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं।

#### विधायक भावना बोहरा द्वारा विधायक निधि से स्वीकृत कार्य

जनता की आकांक्षाओं और मूलभूत सुविधाओं के लिए विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा के लिए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख रुपए से अधिक के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यो की स्वीकृति दी है। जिसके अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय वीरेन्द्र नगर में शौचालय निर्माण, ग्राम दशरंगपुर में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के पीछे सार्वजनिक मंच निर्माण, ग्राम मथानीकला में मंच निर्माण, ग्राम कोसमंदा में दिलीप राजपूत के घर से राम प्रसाद चंद्रवंशी के घर तक सी सी रोड, ग्राम कुई में दीपक सलूजा के घर से तीरथ मरावी के घर तक सीसी रोड, ग्राम कोदवाकला में बरमबावा पारा से चौगड्डा तक सीसी रोड, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पांडातराई में सांस्कृतिक मंच, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में अतिरिक्त कक्ष, नगर पंडरिया के महाविद्यालय हेतू स्मार्ट बोर्ड एवं कालर माइक की वयवस्था, नगर पंडरिया के इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय में पेयजल हेतू वॉटर कूलर, ग्राम खण्डसरा में स्कूल प्रांगण में रंगमंच, ग्राम तमरुवा के भगवा चौक के पास सांस्कृतिक रंगमंच, ग्राम दशरंगपुर में वॉटर टैंकर व्यवस्था, ग्राम कोदवागोडान के दीनदयाल वनवासी बालक छात्रावास में रसोई कक्ष एवं छत मरम्मत, ग्राम बदना के लवकुश प्राथमिक शाला कौआनार में अतिरिक्त कक्ष, ग्राम अमलीमालगी के वार्ड क्र 7 व 9 में नाली निर्माण, ग्राम केशलीखुर्द में रामकुमार के घर से निहोरा चंद्राकर के घर तक सीसी रोड, ग्राम कोलेगांव में यज्ञ स्थल, ग्राम गुंझेटा में मेन रोड़ से स्कूल तक सीसी रोड, ग्राम जंगलपुर में रंगमंच, ग्राम नरसिंहपुर में दुर्गा मंच से सुखदयाल जांगड़े के घर की ओर सीसी रोड, ग्राम नेऊरगांव में वॉटर टैंकर, ग्राम पुसेरा में वॉटर टैंकर, ग्राम रमतला में गौठान से पानी टंकी तक सीसी रोड, नगर पंडरिया के सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना से मुख्य मार्ग की ओर चौक निर्माण, ग्राम गोढ़िया में सांस्कृतिक मंच, ग्राम गोरखपुर कला में सांस्कृतिक मंच, ग्राम चारभाठा में वॉटर टैंकर, ग्राम ठाठापुर में वॉटर टैंकर, ग्राम डोंगरिया में शीतला मंदिर हेतू खाद्य गोदाम के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण, ग्राम पंचायत भगवताटोला में स्कूल के पास मंच निर्माण, ग्राम रणवीरपुर में बाजार चौक बस स्टैंड के पास सांस्कृतिक मंच, ग्राम रणवीरपुर में वॉटर टैंकर एवं ग्राम राजपुर में देवदाहरा मंदिर के पास मंच निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति मिली है।

#### मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से ग्रामीण अंचलों में होगा सड़कों का विस्तार

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्रापं रणवीरपुर में बस स्टैण्ड स्वागत द्वार से शिव मंदिर की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण, ग्रापं पनेका में मुख्य मार्ग से सोसायटी की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण, ग्रापं हथमुड़ी में राधाकृष्ण तालाब से पेण्ड्रीकला मार्ग की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण, ग्रापं मोहगांव में मुख्य चौक से जंगलपुर मार्ग की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण, ग्रापं कोयलारीकांपा में मुख्य मार्ग से महामाया मंदिर की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण और ग्रापं घुटुरकुंडी में विद्युत वितरण केन्द्र से हॉयर सेकेण्ड्ररी स्कूल की ओर सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति मिली है।

# श्रीहनुमान महाराज जीवों को भगवान से मिलाते हैं: पं आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत-प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में याज्ञिक विद्वानों के द्वारा श्री हनुमान यज्ञ में तीसरे दिन प्रवचन करते हुए धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि श्रीराम भक्त हनुमान महाराज ने प्रभु श्रीराम से कहा कि कथा तो भगवान की होती है जीव की व्यथा होती जब जीव जब भगवान की कथा सुनता है तो जीव की व्यथा दूर होती है। सुग्रीव ने हनुमान पर विश्वास किया तो श्रीहनुमान महाराज ने सुग्रीव को भगवान से मिला दिया। हनुमान महाराज गुरु हैं, जो जीव को भगवान से मिलाते हैं। बाल्यावस्था में संतों के श्राप के कारण श्री हनुमान जी अपने बल को भूल गए थे। जब भक्ति रुपी सीता का पता लगाने जाना था जामवंत ने हनुमान को उनके बल की याद दिलाई तब राम काज के लिए विराट स्वरूप धारण किए और कहा कि मैं लीला से ही समुद्र लांघ सकता हूं लंका को त्रिकूट पर्वत सहित उखाड़कर ला सकता हूं रावण को सेना सहित मार सकता हूं बाताइए क्या करना है तब जामवंत ने कहा कि अभी केवल सीता माता का पता लगा कर आईये रावण को श्रीराम मारेंगे। यहां कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि युवा और अनुभवी वृद्ध जोश और होश दोनों में समन्वय होना चाहिए तभी समाज और देश का कल्याण होगा। बाली ने अंत समय में अपने पुत्र को भगवान श्रीराम को समर्पित कर दिया है इससे यह शिक्षा मिलती है कि हमें अपने बच्चों को भगवान, भगवान की कथा और धर्म से जोड़ना चाहिए इससे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान होगी और मंगल को प्राप्त होगी।



# सड़क व नल कनेक्शन कार्य आधा अधूरा, ग्रामीण रहवासी परेशान

## शासन प्रशासन से जल्द पानी टंकी को चालू व सीसी रोड की मरम्मत कार्य की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत खरहट्टा में अधूरे निर्माण कार्यो के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में जगह-जगह सीसी रोड को खोदकर छोड़ दिया गया है, वहीं पिछले एक वर्ष से पानी टंकी बंद पड़ी है, जिससे कई वार्डों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत खरहट्टा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन का लक्ष्य तो पूरा कर दिया गया, लेकिन आज तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। इसका मुख्य कारण ओवरहेड टंकी और पाइपलाइन निर्माण कार्य का अधूरा है। इस वजह से घरों में लगे नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की सड़कों को जगह-जगह खोदा गया, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं की गई। परिणामस्वरूप सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भरने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। खासकर मुख्य मार्गो पर आवागमन बेहद कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले गर्मी के दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। जिस पर ग्रामीण रहवासी जिसमें कुलदीप चंद्राकर, प्रभात निर्मलकर, सुखचैन पनागर, गनेशी कोसरिया, राजकुमार चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, सुकेश एवं गोकुल चंद्राकर ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पानी टंकी को चालू कराया जाए तथा सीसी रोड की मरम्मत कराई जाए।





#### सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे होने से बढ़ी परेशानी, आवाजाही बाधित

गांव के लोगों का कहना है कि सड़कों पर गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जाने से रोजमर्रा के आवागमन में दिक्कत हो रही है और दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत खरहट्टा के सरपंच लक्ष्मण चंद्राकर ने नाराजगी जताते हुए बताया कि ठेकेदार को कई बार कार्य पूर्ण करने और सड़क मरम्मत के निर्देश दिए गए, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ओवरहेड टंकी का निर्माण दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे जल आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है।

# अभ्युदय स्कूल में परीक्षा-परिणाम घोषित, विद्यार्थियों में खुशी की लहर

■ उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



अभ्युदय स्कूल कवर्धा में गत दिनों 28 मार्च को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परिणाम दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की चहल-पहल देखने को मिली। वहीं विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

इस दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को उनके परिणाम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में विशेष सेल्फी जोन तैयार किया गया था, जहां विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाकर इस खुशी के पल को संजोया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक कला एवं शिल्प की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तदुपरांत अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने भी सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का प्रयास करें और नई ऊर्जा के साथ अगले सत्र की शुरुआत करें। साथ ही साथ विद्यालय प्रबंधन ने भी इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### खबर संक्षेप

#### ई-केवाईसी के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश

**कवर्धा।** राशन वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि ई-केवाईसी के कारण हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खाद्य अधिकारी को तत्काल निर्देशित किया कि पिपरिया में विशेष शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों का शीघ्र ई-केवाईसी पूर्ण कराया जाए।

### ओबीसी महासभा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त: उमेश



**हरिभूमि कोलेगांव।** ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम द्वारा संगठन विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी मोर्चा नवल किशोर साहू और जिलाध्यक्ष बालाराम साहू की अनुसंशा पर उमेश चंद्राकर को उनकी संगठन के प्रति समर्पण, लगन, सामाजिक समरसता और कार्य कुशलता को देखते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी महासभा पंडरिया की जिम्मेदारी दी गई है। सभी पदाधिकारियों ने उम्मीद व्यक्त किया है कि उमेश चंद्राकर समाज के समस्त जातियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर संगठन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन समर्पण, अनुशासन, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करेंगे। उनकी नियुक्ति होने पर उनके निवास स्थान पहुंच कर उन्हें जिलाध्यक्ष अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा नवल किशोर साहू ने शुभकामनाएं और बधाई दिया। साथ में जिलाध्यक्ष बालाराम साहू, प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, अजय चंद्राकर, आंनद साहू, सुखनंदन चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, संजीव साहू, दीपक चंद्राकर, बबलू चंद्राकर, रामखिलावन साहू, राजा जायसवाल, रामेश्वर चंद्राकर, दुष्यंत चंद्राकर, किशन निर्मलकर, लालजी निषाद, महेश चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, मनीष साहू, मनोहर निषाद, पंकज चंद्राकर, चंद्रकांत चंद्राकर, सुखनंदन श्रीवास, केशव यादव, पोखराज साहू, रोहित विश्वकर्मा, श्रवण चंद्राकर, नोहर निर्मलकर, खेमचंद विश्वकर्मा, राहुल चंद्राकर ने पुष्पगुच्छ से स्वागत कर बधाई और शुभकामनाएं दिया।

### पंडरिया ब्लॉक में बूथ-पंचायत संगठन सृजन का अभियान तेज



**हरिभूमि पंडरिया।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पंडरिया ब्लॉक में बूथ एवं पंचायत स्तर पर संगठन सृजन अभियान तेज हो गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू द्वारा मंडल व सेक्टर अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में दुल्लापुर मंडल की बैठक गौरकापा में मंडल अध्यक्ष डोमन मरकाम के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी शारदा सोनवानी व सहप्रभारी कन्हैया यादव की उपस्थिति में संगठन की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर सहित जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें। ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा। वहीं प्रभारी शारदा सोनवानी और मंडल अध्यक्ष डोमन मरकाम ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ और शिव महापुराण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर कला में आगामी 7 से 15 अप्रैल तक आयोजित होने वाले गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन वैशाख कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक किया जाएगा। कार्यक्रम में पूज्य दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भूमि पूजन कराया गया, जिसमें वैदिक विधि से आचार्य रवि शास्त्री ने पूजन संपन्न कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित थें। आयोजकों के अनुसार यज्ञ और कथा के माध्यम से गौ-संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा गौ-माता को राष्ट्र स्तर पर सम्मान दिलाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए उपस्थित जनों ने सामूहिक संकल्प लिया।

#### निर्माण कार्यों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को नगर पंचायत पिपरिया के सभाकक्ष में बैठक लेकर पिपरिया में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि, राज्य प्रवर्तित मद तथा 15वें आयोग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति का बारीकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल सभापति, पार्षद सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थें। कलेक्टर श्री वर्मा ने समीक्षा के दौरान अधोसंरचना मद से संचालित शौचालय एवं अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधोसंरचना मद से 29 कार्य स्वीकृत है। इन 29 कार्यो में से 21 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 8 कार्य स्थल विवाद के कारण प्रारंभ नहीं हो सके हैं। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिया कि अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर विवाद का शीघ्र निराकरण करें और कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर ने राज्य प्रवर्तित मद के तहत निर्माणाधीन मुक्तिधाम की जानकारी लेते हुए वहां हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण एवं गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम तक पहुंचने में आ रही सड़क समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। श्री वर्मा ने पिपरिया में स्वीकृत लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि अस्पताल निर्माण के लिए शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ किया जाए। तहसील भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसान सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसान रेस्ट हाउस के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी वार्डों में नियमित पानी उपलब्ध कराया जाए।



आरोप: घटिया निर्माण कार्य की जांच के साथ गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए जाने की मांग

# ग्राम भोथी चेक डेम निर्माण में भारी अनियमितता बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार बनते बिगड़ते मौसम के बीच एक बार जिले के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में विकास कार्यों के माध्यम से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा लगातार निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है। इसी क्रम में विकासखण्ड बोड़ला के अंतर्गत वनांचल ग्राम भोथी में ग्रामीणों को सिंचाई एवं निस्तारी के लिए पानी की सुविधा प्रदान करने हेतु चेक डेम निर्माण के लिए 18 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। हालांकि, इस निर्माण कार्य को लेकर अब गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि कार्यस्थल पर निर्माण के दौरान निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि पानी से भरे गड्ढों में ही सीमेंट मिश्रित मसाला डाला जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में घटिया दर्जे की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में चेक डेम के टिकाऊ होने की संभावना कम हो जाती है। उनका कहना है कि यदि इसी प्रकार से कार्य होता रहा, तो यह निर्माण कार्य कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे शासन की राशि और ग्रामीणों की उम्मीदें दोनों व्यर्थ चली जाएंगी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिससे ठेकेदार को मनमानी करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने इसे विभागीय मिलीभगत का परिणाम बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।





### घटिया निर्माण को देख ग्रामीणों में नाराजगी

इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, कार्य को मानक गुणवत्ता के अनुसार पुनः करवाने की भी मांग उठाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि चेक डेम उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे खेती और दैनिक उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकती है। ऐसे में निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या ग्रामीणों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा नाबालिगों की सुरक्षा एवं महिला अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को गत 01 मार्च 2026 को एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर कहीं ले जाया गया है।

इस रिपोर्ट पर चौकी रणबीरपुर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 25/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा कृष्ण कुमार चन्द्राकार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी दुर्गेश खूंटे उर्फ बल्ला, निवासी महाराजपुर थाना कवर्धा द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर अवैध रूप से विवाह किया गया एवं शारीरिक शोषण किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में धारा 87, 64(2) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 06 जोड़ी गई। आरोपी दुर्गेश खूंटे उर्फ बल्ला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कबीरधाम पुलिस आम जनता से अपील करती है कि नाबालिग बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

इस कार्यवाही में चौकी रणबीरपुर (थाना लोहारा) की टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें उप निरीक्षक सिकंदर कुर्रे, प्रधान आरक्षक इन्द्र कुमार साहू, प्रधान आरक्षक हुलार साहू, आरक्षक विनोद मरकाम, शंकर निषाद, जितेंद्र सिंह, रवि आदिले एवं महिला आरक्षक काजल देशलहरे का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम सिंघनपुरी निवासी लक्ष्मी बंशे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति मिलाप बंशे को, ग्राम मुरकी निवासी रमौतिन बाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र गौतर सिंह को, ग्राम कौआनार बदना निवासी मोहित कुमार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी डाक्टरिन बाई को, ग्राम बाहपानी निवासी तिहारो बाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति ज्ञान सिंह को और ग्राम बाहपानी निवासी रामबाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति भगतराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### महावीर जयंती पर विविध कार्यक्रम आज

**कवर्धा।** 31 मार्च को स्वामी महावीर जयंती नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। सकल जैन समाज द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर शोभायात्रा, पूजा-अर्चना एवं विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा में सकल जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष स्वामी महावीर जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाती है।

# जिले के सभी महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग

- एनएसयूआई द्वारा प्रदेश के राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के आदेशानुसार एवं जिला अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई कबीरधाम द्वारा जिले के सभी 10 महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर माननीय राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के माध्यम से प्रेषित किया गया। विगत कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। इससे छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं और उनकी आवाज दबकर रह गई है। एनएसयुआई अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और भागीदारी का महत्वपूर्ण आधार है। इसके माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों में जिले सहित पूरे प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया, चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा तथा छात्र प्रतिनिधियों को अधिकार एवं मान्यता प्रदान करने की मांग की है। एनएसयुआई कबीरधाम के जिला अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी ने अपने बयान में कहा कि, छात्र संघ चुनाव छात्रों का मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे लंबे समय से रोका जाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। यदि शासन-प्रशासन जल्द निर्णय नहीं लेता है, तो हस्ढ़ छात्रों के अधिकारों के लिए उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने आगे कहा कि एनएसयुआई हमेशा छात्र हितों के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में एनएसयुआई पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस तेजस्वी चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव आनंद चंद्रवंशी, पूर्व प्रदेश सचिव बंटी खान, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष प्रकाश योगी, टेशराम यादव,प्रवीण वर्मा, पिंकी बंजारे, एनएसयूआई पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत चंद्रवंशी, एनएसयूआई जिला महासचिव तुकेश कौशिक, नीरज केसरी,अभय बनर्जी,मुकेश यादव,विकाश चन्द्रवंशी,एनएसयूआई जिला सचिव निखिल टंडन, राहुल चंद्रवंशी, योगेश साहू, प्रमोद केसरी,राजाराम जायसवाल,मनीष पात्रे,ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, दुर्गेश साहू, नरेन्द्र कौशिक, विकास झारिया, परमेश्वर धुर्वे,धर्मपाल पात्रे, अमर चंद्राकर, ऋषभ वैष्णव, भुनेश्वरी, काजल, ज्योति, योगेंद्र जोशी, लाला राम यादव, पंचराम धुर्वे, जोहित मरावी, कुलदीप मरकाम, शिवलाल धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अवैध खनिज परिवहन व उत्खनन पर कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी चिरंजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कबीरधाम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईंट मिट्टी के अवैध परिवहन के 02 प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 44 हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया है।

इसके अतिरिक्त अवैध उत्खनन के 04 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 80 हजार रुपये का अर्थदण्ड आरोपित एवं वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि खनिज अमले द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पण्डरिया एवं कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ईंट मिट्टी के अवैध उत्खनन के 15 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिन पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

खनिज विभाग द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जा रही है, जिससे अवैध उत्खनन एवं परिवहन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है।

विभाग द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न व्यक्तियों पर नियंत्रण की स्थिति बनी हुई है।

## जिलें में 1 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का होगा आयोजन, 3 चरणों में होगा राजस्व पखवाड़ा

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजित होगा। इस राजस्व पखवाड़ा में कबीरधाम जिले में सभी 8 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अतंर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया है। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लभांन्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर 3 चरणों में किया जाएगा पहला 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, दूसरा 04 मई से 18 मई और तीसरा चरण 01 जून से 15 जून तक आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, तृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

# नक्सलवाद को लेकर लोकसभा में गरजे सांसद पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) से मुक्त करने हेतु केंद्र सरकार के ठोस प्रयासों पर चर्चा की शुरुआत की। सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में गरजते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त रणनीति के मार्गदर्शन में देश में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई तेज़ी से आगे बढ़ रही है। मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य — यह केवल संकल्प नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुरक्षा बलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बनने की दिशा में एक मजबूत कदम है। छत्तीसगढ़ सरकार, पुलिस बल और हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि छग में बड़े पैमाने पर नक्सलवाद था। लाल आतंक के साए में अत्याचार हो रहा था। हमारे अनेक जवान शहीद हुए। नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। ये हमारे नेतृत्व की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा। क्षेत्र में शांति व भयमुक्त वातावरण होगा।

## गर्मी का असर......



**कवर्धा।** भीषण गर्मी में जलस्त्रोतों से गायब हो रहास पानी।

ग्रीष्मकालीन से पूर्व जल प्रदाय की नपा अध्यक्ष ने की विभागीय समीक्षा

# गर्मी में पेयजल की समस्या ना हो, इसका ध्यान रखें: चंद्रप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या ना हो इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा की ग्रीष्म कालीन में शुद्व पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, लोगों को दोनो समय पर शुद्व पेयजल उपलब्ध हो, इसका पूर्ण ध्यान रखे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जल प्रदाय विभाग अंतर्गत पेयजल सप्लाई व फिल्टर प्लांट हो रहे कार्यो को लेकर समीक्षा की।

उन्होनें कहा कि गर्मी में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारी कर लेवें। सभी पंप ऑपरेटर अपने फिल्ड प्रभारी के बिना अनुमति के अवकाश पर ना जावें। समयानुसार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वार्डो में पेयजल सप्लाई करें तथा वार्डो से शिकायत ना आयें इसका पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें कहा कि वार्ड की नागरिकों से अपना व्यवहार अच्छा रखे ताकि पेयजल सप्लाई के दौरान परेशानी ना हो।

### शुद्ध पेयजल प्रदान करना प्राथमिकता

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विभागीय अधिकारियों ऑपरेटेरो को निर्देशित करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका पूर्ण ध्यान रखे, फिल्टर प्लांट में पर्याप्त मात्रा में एलम, ब्लीचिंग व अन्य आवश्यक सामाग्री का भंडारण करके रखे। उन्होनें कहा कि ग्रीष्मकाल में पानी की मांग सामान्य दिनों से कहीं अधिक बढ़ जाती है ऐसे में शुद्ध पेयजल की सतत और समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए हम सबको प्रयास करना होगा। बैठक में जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य सभापति दुर्गेश अवस्थी, उपअभियंता शिवकुमार गर्ग, फिल्ड प्रभारी अशोक पटेल भी उपस्थित रहें।

# बाल विवाह मुक्त अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बाल विवाह मुक्त भारत/छत्तीसगढ़ अभियानके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद पंचायत सभाकक्ष कवर्धा में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 10 मार्च 2024 से प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा का पूर्ण उन्मूलन करना है। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि कानूनन अपराध भी है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा बाधित होती है। साथ ही यह बच्चों के अधिकारों का हनन भी है। इस बुराई के उन्मूलन हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यशाला में नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभापति बिहारी धुर्वे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



इसके अलावा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा एवं दशरंगपुर के परियोजना अधिकारी, विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत पर्यवेक्षक, सरपंच, सचिव, शिक्षक, रोजगार सहायक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के ब्लॉक समन्वयक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर टोल फ्री नंबर 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर सूचित करने की अपील की गई।